<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

<u>अनुशेष- उम्मीदवारों को नोटिस</u>

संदर्भ: संघ लोक सेवा आयोग के निम्नलिखित विज्ञापन :-

(क) विज्ञापन सं. 07/2020, मद सं. 01, रिक्ति सं. 20070701125, प्रकाशन की तारीख 25.07.2020, जिसके अंतर्गत आयुष मंत्रालय में चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी (होम्योपैथी) के 36 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 13.08.2020 को 23.59 बजे तक थी।

(ख) विज्ञापन सं. 09/2020, मद सं. 04, रिक्ति सं. 20080904122, प्रकाशन की तारीख 22.08.2020, जिसके अंतर्गत आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) के 07 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 10.09.2020 को 23.59 बजे तक थी।

आयोग ने इन पदों के संबंध में उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने के लिए **दिनांक 20.12.2020 (रविवार) (पूर्वाह्न सत्र) को पूर्वाह्न 9.30 बजे से पूर्वाह्न 11.30 बजे तक (परीक्षा केन्द्र पर उम्मीदवारों के रिपोर्ट करने का समय प्रात: 8.00 बजे है)** निम्नानुसार कम्प्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) आयोजित करने का निर्णय लिया है। केवल संयुक्त सीबीआरटी के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा पद की पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र	**केन्द्र कोड**
अहमदाबाद	01
भोपाल	04
चेन्नई	12
दिल्ली	08
दिसपुर (गुवाहाटी)	09
जयपुर	11
जम्मू	34
कोच्चि	24
कोलकाता	06
लखनऊ	26
मुंबई	05
नागपुर	13
पोर्ट ब्लेयर	37
रांची	41
विशाखापट्टनम	51

I. परीक्षण की योजना :

(क) परीक्षण दो घण्टे की अवधि का होगा।

(ख) सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।

(ग) परीक्षण वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहु-विकल्प उत्तर वाले प्रश्नों पर आधारित होगा।

(घ) परीक्षण केवल अंग्रेजी माध्यम में होगा।

(ङ) गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकों का प्रावधान होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के कुल अंकों में से एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे। यदि प्रश्न के लिए कोई उत्तर नहीं चुना जाता है तो उस प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा।

(च) परीक्षण के अंतर्गत अधिकतम अंक 300 होंगे।

II. परीक्षण का पाठ्यक्रम :

प्रश्न पत्र के पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्र शामिल होंगे:

भारतीय विश्वविद्यालयों की होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा की स्नातक शिक्षण योजनाओं के अंतर्गत सम्मिलित सभी कोर क्षेत्र ।

टिप्पणी I :- भर्ती परीक्षण संबंधी स्थल की सूचना उम्मीदवारों को यथासमय दे दी जाएगी।

टिप्पणी II:- कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा साक्षात्कार में सफल उम्मीदवारों के लिए संयुक्त सीबीआरटी और व्यक्तित्व परीक्षण का वेटेज 75:25 होगा।

साक्षात्कार के प्रयोजनार्थ विभिन्न श्रेणियों के उम्मीदवारों की उपयुक्तता के मानक निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं:

सामान्य/ईडब्ल्यूएस श्रेणी	:	50 तथा इससे अधिक
अ.पि.व.	:	45 तथा इससे अधिक (शिथिल मानकों के आधार पर)
अ.जा./अ.ज.जा.	:	40 तथा इससे अधिक (शिथिल मानकों के आधार पर)
विकलांगता वाले उम्मीदवार (सामान्य/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा./ ईडब्ल्यूएस)	:	40 तथा इससे अधिक (शिथिल मानकों के आधार पर)

टिप्पणी III :- परीक्षण केन्द्र में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

***